Title: Need to send a Central team to Bihar to assess the damage caused by floods in Godda and other districts of the State and provide funds for rehabilitation of affected people - Laid..

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (गोड्डा) : महोदय, बिहार के गोड्डा जिला के गोड्डा, देवघार, दुमका तथा बांका जिले के धौरैया रजौन भीषण बाढ़ एवं भारी वर्षा से लगभग पांच लाख हैक्टेयर प्रभावित क्षेत्र के साथ-साथ लगभग दो लाख हैक्टेयर क्षेत्र जल-जमाव से प्रभावित होने से लगभग एक लाख लोग बेघर हो गए एवं आंशिक रूप से पांच लाख लोग प्रभावित हैं; ५० विद्यालय ध्वस्त हो गए हैं तथा लगभग ६० हजार पशुधन बह गए। सड़क, पुल-पुलिया की क्षति बिजली खम्भे, ट्रांसफार्मर, पेयजल समाप्त, फलस्वरूप लगभग ८० लोगों की मौत हो गई। महामारी का प्रकोप एवं सेरीब्रल मलेरिया का भी प्रकोप जारी है जिसमें ११ व्यक्तियों के मरने, दर्जनों व्यक्तियों के अक्रांत होने की खबर है। ऐसी विषम स्थिति के अन्य क्षेत्रों में भी फैलने की प्रबल सम्भावना है।

दोबारा बाढ़ ने और विनाश कर दिया है। दर्जनों गांव बिल्कुल बाढ़ में बह गए हैं। इन्दिरा आवास की तरह इन्हे फिर से बसाया जाए तथा खेती और बैल के लिए, मकान बनाने के लिए केन्द्र अनुदान दे। मरने वालों को मुआवजा दिया जाए ।

साइक्लोन में तुरन्त मदद की जाती है, पर उसी तरह का सर्वनाश यहां हुआ है। यह बाढ़ १८९९ में सितम्बर के बाद, १९९९ सितम्बर में आई। यहां के लोग बाढ़ के बारे में अन्जान थे।